बिहार सरकार

मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी।

E-mail :- mithilachitrakalasansthan@gmail.com, Phone No- 06276-291295

पत्रांक :–612 /मि0चि0सं0

प्रेषक,

निदेशक,
मिथिला चित्रकला संस्थान,
मधुबनी।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार सरकार, पटना।

द्वारा:– जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी,
मधुबनी।

मधुबनी, दिनांक–21/11/2026

विषयः– मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी में आचार्य, प्रशासी पदाधिकारी एवं लेखापाल के पद पर संविधा के आधार पर नियोजन हेतु वर्तमान स्थिति संबंधि सूचना को प्रकाशित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी में आचार्य–01 (अत्यंत पिछड़ा वर्ग), प्रशासी पदाधिकारी–01 (अनारक्षित) एवं लेखापाल–01 (अनारक्षित) के पदों पर संविदा के आधार पर नियोजन हेतु वर्तमान स्थिति संबंधि सूचना प्रकाशित किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि उक्त सूचना को ससमय जिला के वेवसाईट तथा प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नकः– सूचना की छाया प्रति संलग्न।

विश्वासभाजन

ह0/–

निदेशक,
मिथिला चित्रकला संस्थान,
मधुबनी।

ज्ञापांकः612 /मि0चि0सं0, मधुबनी, दिनांकः 21/11/2026 ई0।

प्रतिलिपिः– जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, (NIC) मधुबनी को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उक्त सूचना को मधुबनी के बेवसाईट पर ससमय जारी करने की कृपा की जाय।

21/11/26

निदेशक,
मिथिला चित्रकला संस्थान,
मधुबनी।

बिहार सरकार

मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी।

E-mail :- mithilachitrakalasansthan@gmail.com, Phone No- 9122154924

–:आवश्यक सूचना:–

कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार, पटना के प्रशासनिक नियंत्राणाधीन मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी के संचालनार्थ विभागीय ज्ञापांक–832, दिनांक–22.12.2017 एवं दिनांक–31.07.2025 को सचिव, कला एवं संस्कृति विभाग, पटना की अध्यक्षता में मिथिला चित्रकला संस्थान, सौराठ, मधुबनी के 5वीं कार्यकारिणी परिषद की कार्यवाही के अनुपालन क्रम में संविदा के आधार पर आचार्य, प्रशासी पदाधिकारी एवं लेखापाल के नियोजन हेतु **विज्ञापन संख्या–पी0 आर0 –022745** (Youth, Art & Culture) 2025-26 के द्वारा दिनांक–05.02.2026 से 28.02.2026 तक मिथिला चित्रकला संस्थान,. सौराठ, मधुबनी में ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गए थे।

ज्ञात हो कि मधुबनी जिला के एन0आई0सी0 द्वारा आवेदन हेतु पोर्टल तैयार किया गया था। पोर्टल पर ऑनलाईन फार्मेट में वांछित सूचना/योग्यता अंकित करने हेतु पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं था जिस कारण अधिकतम आवेदनों में आवेदकों द्वारा अपना पूर्ण विवरणी अंकित नहीं किया जा सका है। इसके सम्यक निवारण हेतु मिथिला चित्रकला संस्थान के पत्रांक–218, दिनांक–12.05.2026 द्वारा ऑनलाईन माध्यम से विज्ञापित सभी तीन पदों में आवेदन कर चुके आवेदकों से दिनांक–14.05.2026 से 30.05.2026 तक ऑफलाईन माध्यम से संबंधित दस्तावेजों को संस्थान में जमा करने हेतु सूचना को प्रकाशित किया गया था ताकि किसी आवेदक को अपनी योग्यता/वांछित सूचना नहीं भरने के कारण काउंसलिंग से वंचित नहीं होना पड़े।

उक्त के आलोक में सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी में संविदा के आधार पर आचार्य–01 (अत्यंत पिछड़ा वर्ग), प्रशासी पदाधिकारी–01 (अनारक्षित) एवं लेखापाल–01 (अनारक्षित) के पदों की स्क्रूटनी कर मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी के स्तर से विभाग को अग्रेतर कार्रवाई हेतु समर्पित कर दिया गया है। चुंकि दिनांक–19.02.2026 को माननीय मंत्री, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार पटना की अध्यक्षता में मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी के 04वाँ सामान्य परिषद् की सम्पन्न बैठक की कार्यवाही के एजेंडा संख्या–15 के अनुसार **"मिथिला चिकला संस्थान मधुबनी का नियुक्ति प्राधिकार संस्थान के निदेशक के स्थान पर निदेशक, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, कला एवं संस्कृति विभाग, पटना को किये जाने हेतु प्रस्ताव अनुमोदित है।"**

अतः वर्तमान में मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी में संविदा के आधार पर **आचार्य–01 (अत्यंत पिछड़ा वर्ग), प्रशासी पदाधिकारी–01 (अनारक्षित) एवं लेखापाल–01 (अनारक्षित)** के पद हेतु किसी भी आवेदकों द्वारा प्राप्त आवेदनों का चयन/छँटनी नहीं किया गया है। चयन/छँटनी या नियोजन संबंधी किसी भी प्रकार की सूचना विभाग द्वारा संस्थान को प्राप्त होते ही जिला के वेवसाईट–**www.madhubani.nic.in** तथा समाचार पत्रों में प्रकाशित कर दिया जाएगा।

विश्वासभाजन

21/11/26

निदेशक,
मिथिला चित्रकला संस्थान,
मधुबनी।